www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क
ई पेपर मे खबरें व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-240 सागवाड़ा, शनिवार, 14 मई, 2022 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## धार्मिक महत्व वाला बेणेश्वर धाम मेवाड़ और वागड़ की राजनीति का प्रमुख केंद्र बना

दक्षिणी राजस्थान में जनजाति आस्था के प्रमुख केंद्र बेणेश्वर धाम चुनाव आते ही राजनीति का केंद्र भी बन जाता है। देश के मुखिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों या कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी या इससे पूर्व के बड़े नेता सभी को राजनीतिक पहलू से वागड़ खूब रास आता है। चुनाव महासमर में राजनीति की रोटियां सेंकने के लिए नेता बेणेश्वर धाम को वागड़ में पहली पसंद बनाते चले आए हैं।बांसवाड़ा-डूंगरपुर-प्रतापगढ़ व उदयपुर जिले से सबसे नजदीकी होने के कारण बेणेश्वर धाम राजनीतिक दलों के लिए चुनावी मंच का रूप लेने लगा है। विगत कुछ वर्षों में यहां प्रमुख राजनीतिक दलों के केंद्र स्तरीय बड़े नेताओं की सभाएं हुई हैं।

बेणेश्वरधाम के विकास के नाम पर जनजाति वर्ग में अपने खोए जनाधार को पुनः पाने के लिये कांग्रेस पुल का शिलान्यास और सभा का आयोजन करा रही है। बांसवाड़ा-डूंगरपुर की सीमा पर अवस्थित बेणेश्वर धाम पर 16 मई को राहुल गांधी की सभा और पुल का शिलान्यास होना है। इस राजनीतिक कार्यक्रम के माध्यम से क्षेत्र में विकास का संदेश देने में कांग्रेस कितनी सफल होगी ये तो वक्त ही बताएंगे लेकिन राहुल गांधी की सभा से कांग्रेस राजनीतिक माहौल बनाने में जरूर सफल होगी।

वागड़ और मेवाड़ की जनजाति बहुल सीटों को साधने की तैयारी कांग्रेस पार्टी ने शुरू कर दी है। क्षेत्र में बीटीपी के बढ़ते प्रभाव के चलते कांग्रेस को होने वाले नुकसान का अंदाजा पार्टी के नेताओं को है, इसीलिए वे बेणेश्वर धाम पर राहुल गांधी की सभा कराकर न सिर्फ कांग्रेस माहौल बनाने का काम कर रही है बल्कि अपने आदिवासी नेताओं को भी बुस्ट करने का काम कर रही है। उदयपुर ट्राइबल संभाग है। यहां डूंगरपुर-बांसवाड़ा जिले में 9 सीटों में से डूंगरपुर जिले की 2 सीटें बीटीपी के पास हैं। साथ ही पिछले कुछ वर्षों में दोनों जिलों के अलावा प्रतापगढ़ और उदयपुर के ग्रामीण क्षेत्र में बीटीपी की पैठ बढ़ती जा रही है। क्योंकि डूंगरपुर और बांसवाड़ा की ही बात करें तो करीब ।0 प्रतिशत आदिवासी वोटर हैं जो एक तरफ वोट कर सकते है।

# भंडारी सरपंच की तलाकशुदा बेटी व शादी-शुदा चालक ने की आत्महत्या

## प्रेम प्रसंग के चलते पेड़ से एक ही फन्दे पर लटके मिले

**सीमलवाड़ा।** डूंगरपुर जिले के धम्बोला थाना क्षेत्र के नवलपुरा गाँव में वारन्दा बाँध के पास एक पेड़ से फांसी लगाकर भंडारी पंचायत के सरपंच की तलाकशुदा बेटी व शादी-शुदा चालक ने आत्महत्या कर ली। प्रेम-प्रंसग के चलते दोनों आत्महत्या की है। पुलिस ने दोनों के शव पेड़ से उतरवाकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए है। पुलिस मामले की जांच कर रही है । धम्बोला थाने के थानाधिकारी भैयालाल आंजना ने बताया की सुबह लोगो से सुचना मिली की धम्बोला थाना क्षेत्र के नवलपुरा गाँव में वारन्दा बाँध के पास नीम के पेड़ से एक युवक व युवती के शव फंदे से लटके हुए है। सुचना पर धम्बोला थाने एएसआई गोविन्द सिंह मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मौका मुआयना किया और दोनों शवो की पहचान की। थानाधिकारी भैयालाल आंजना ने बताया की जिसमे युवती की पहचान भंडारी सरपंच अरविदं डामोर की बेटी के रूप में की। वही युवक की पहचान सरपंच के ट्रेक्टर चालक राजेश के रूप में की। इसके बाद पुलिस ने मामले की सूचना भंडारी सरपंच अरविन्द डामोर को दी। सुचना पर सरपंच अरविन्द डामोर मौके पर पहुंचे।

वही परिजनों की मौजूदगी में ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने शवो को पेड़ से नीचे उतारा। थानाधिकारी भैयालाल आंजना ने बताया की सरपंच अरविन्द डामोर की बेटी प्रवीणा डामोर की शादी 3 साल पहले हुई थी और एक साल पहले उसका तलाक हो गया था और तब से वह अपने पीहर में रह रही थी। वही मृतक युवक सरपंच अरविन्द डामोर का ट्रेक्टर चालक है जो पिछले ढाई साल से उसके यहाँ काम कर रहा था। मृतक चालक राजेश शादी-शुदा है और उसके एक लड़का व लडकी भी है। सरपंच ने बताया की कल शाम से दोनों घर से लापता थे। पुलिस ने दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग का अंदेशा जताया है। फिलहाल पुलिस ने दोनों मृतको के शव सीमलवाडा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए है। वही पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# मां ने देर रात शादी में जाने से किया मना तो आठवी कक्षा के छात्र ने की आत्महत्या

## घर के पास पेड़ से लटका मिला शव

**आसपुर।** डूंगरपुर जिले के दोवडा थाना क्षेत्र के पाल मांडव गाँव में माँ ने देर रात शादी में जाने से मना किया तो आठवी कक्षा के एक छात्र ने आत्महत्या कर ली। छात्र का शव घर के पास सुबह पेड़ से लटका हुआ मिला। दोवडा थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया है। वही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डूंगरपुर जिले के दोवडा थाने के थानाधिकारी कमलेश चौधरी ने बताया की दोवड़ा थाना क्षेत्र के पाल मांडव गांव निवासी 14 वर्षीय हिमांशु पुत्र मुकेश परमार आठवी कक्षा का छात्र है। कल उसके पिता जी मजदूरी के लिए गुजरात गए थे। हिमांशु परमार कल रात को गांव में हो रहे शादी समारोह में जाना चाहता था। लेकिन रात ज्यादा हो जाने से हिमांशु की मां मीरा ने उसे टोका था और भेजने से मना कर दिया था। इधर रात करीब 9 बजे हिमांशु अपने घर से निकल गया था और सुबह तक घर वापस नहीं लौटा था । वही सुबह परिजनों ने हिमांशु की तलाश की तो घर से कुछ दूरी पर एक आम के पेड़ से हिमांशु का शव रस्सी से लटका हुआ मिला। इधर हिमांशु का शव पेड़ से लटका हुआ मिलने की सूचना पर मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। वही परिजनों ने मामले की जानकारी दोवडा थाना पुलिस को दी। सुचना पर दोवडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से घटना की जानकारी लेते हुए पुलिस शव को पेड़ से नीचे उतारा। इसके बाद पुलिस ने हिमांशु के शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। वही मृतक हिमांशु के पिता मुकेश परमार के गुजरात से लौटने पर पुलिस ने जिला अस्पताल की मोर्चरी में मृतक हिमांशु का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया। वही पुलिस ने पिता की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक कुल चार भाई बहन है।

## विकास कार्यों एवं पेयजल आपूर्ति में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी :डॉ.बी.डी कल्ला

**जयपुर।** अलवर जिले के प्रभारी एवं शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी कल्ला ने शनिवार को किशनगढबास के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में आमजन की समस्याएं सुनकर सम्बंधित अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री डॉ. कल्ला ने इस दौरान अपने संबोधन में कहा कि आमजन की समस्याओं को अधिकारी को गंभीरता से सुनना होगा, अन्यथा कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिये कि जनसुनवाई में आई परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण कर परिवादी को सूचित करें। उन्होंने प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत नगर पालिका किशनगढबास क्षेत्र के 4 व्यक्तियों को पट्टे भी वितरित किये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हर वर्ग के लिए बिना भेदभाव के योजनाएं संचालित की जा रही है आमजन जागरूक रहकर उनका लाभ उठाए। उन्होंने कहा कि देश में राजस्थान ने चिरंजीवी योजना के माध्यम से एक मिसाल कायम की है। हर नागरिक इससे जुडकर कैशलेस इलाज ले सकते हैं साथ ही 5 लाख रूपये तक का दुर्घटना बीमा भी इसमें देय है। उन्होंने महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यमिक स्कूल तथा नए खोले गए सरकारी स्कूलों समेत शिक्षा विभाग की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति अनेकता में एकता की है। सामाजिक सद्भाव एवं समरसता से विकास कार्यों को गति मिलती है। उन्होंने कहा कि सरकार के विकास कार्यों को आगे बढाने में प्रत्येक वर्ग के लोग सहयोग करें।

# बस पलटी, आधा दर्जन लोग घायल

## बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बेकाबू होकर खेत में उतरी

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर से देवसोमनाथ रोड पर बाइक सवार को बचाने के चक्कर में शनिवार को एक बस बेकाबू होकर खेत में उतरकर पलट गई। एक्सीडेंट में आधा दर्जन लोगों को चोटें आई, जबकि एक महिला समेत दो लोग गंभीर घायल हो गए।

दोवड़ा थाना हेड कॉन्स्टेबल गमीरलाल ने बताया की गिंगला ट्रेवल्स की बस डूंगरपुर से सलूंबर के बीच चलती है। शनिवार दोपहर के समय बस डूंगरपुर से सवारियां लेकर सलूंबर की ओर जा रही थी। देवसोमनाथ के पास जाते ही आगे सड़क के बीच चल रहे एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बस को साइड में उतार दिया। इससे बस करीब 6 फीट नीचे खेत में पलट गई। बस के पलटते ही सवारियां चीखने चिल्लाने लगी। देवसोमनाथ गांव से बड़ी संख्या में लोग दौड़कर आ गए।

बस में बैठी करीब एक दर्जन सवारियों को बाहर निकाला। इसमें आधा दर्जन लोगों को मामूली चोटें आई, जबकि बस में सवार महिला मिरकी पत्नी शांतिलाल और भवानीशंकर पुत्र हामजी अहारी निवासी घोड़ी आमली गंभीर घायल हो गए। दोनों को डूंगरपुर हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। बस ड्राइवर लक्ष्मण पुत्र भैरव सिंह निवासी सलूंबर को भी मामूली चोट आई हैं। घटना की सूचना पर दोवड़ा थाने से हेड कॉन्स्टेबल गमीरलाल मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

# शहर में बनने वाले दूसरें स्वागतद्वार का हुआ भूमि पूजन

## जेठाणा मार्ग पर बनायेगा स्वागत द्वार



**सागवाड़ा।** शहर के सौंदर्यीकरण को लेकर नगर पालिका ने स्वागतद्वार लगाने का काम हाथ में लिया था। इसी कड़ी में शनिवार को शहर में बनने वाले स्वागतद्वार का भूमि पूजन किया गया। यह स्वागतद्वार जेठाणा मार्ग पर बनेगा। यह शहर का दूसरा स्वागतद्वार होगा। इससे पूर्व बोहरा समाज की ओर से गलियाकोट मार्ग पर बनने वाले स्वागतद्वार का भूमि पूजन किया गया था। भूपेन्द्र भट्ट और भरत भट्ट घोटद के हाथों शिलान्यास वैदिक मंत्रोचार के साथ किया गया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया, उपाध्यक्ष राजुमामा शेख, अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मोहिल, कांग्रेस नेता ललित पंचाल, पार्षद गाटाभगरिया, इंद्रजीत, भरत जोशी, दिनेश गुप्ता, मनोज कंसारा, शालीन कंसारा,

पुलीस उपाधिक्षक नरपतसिंह, थानाधिकारी सुरेंद्र सोलंकी मौजूद रहे। नगर पालिकाध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने बताया कि शहर के प्रवेश मार्ग पर स्वागतद्वार बनाये जाने की योजना को आगे बढ़ाया जा रहा है। गलियाकोट मार्ग पर शहर का पहला स्वागतद्वार बनेगा। बोहरा समाज की ओर से बनाया जाएगा। पाटीदार समाज ने स्वागतद्वार बनाने की घोषणा की थी। जल्द ही उनसे बात की जाएगी। उनकी सहमति से इसी साल काम शुरु कर दिया जाएगा।

### सब लोग बदलाव चाहते हैं,ताकि कांग्रेस नए रूप में लोगों के सामने पेश हो:पायलट

**जयपुर।** पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने कहा कि उदयपुर चिंतन शिविर के दौरान मीडिया से बात करते हुए कहा कि सब लोग चाहते हैं कि कांग्रेस में बदलाव हो और नए रूप में हम लोगों के सामने कांग्रेस को प्रस्तुत कर सकें। पार्टी युवाओं के लिए बड़े बदलाव कर रही है। शिविर में सोनिया गांधी ने बहुत अहम संदेश दिया है। सभी को पार्टी को मजबूत करने का काम होगा। पार्टी में अपनी भूमिका के सवाल पर कहा कि पार्टी जो भी जिम्मेदारी दे, मैं उसके लिए तैयार हूं।

# कांग्रेस का चिंतन, पोस्टर में गांधी परिवार से ज्यादा बोस, भगत सिंह और पटेल को अहमियत

**डूंगरपुर।** आमतौर पर कांग्रेस के शिविरों, अधिवेशनों या सम्मेलनों के पोस्टरों में महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू के साथ गांधी परिवार को तवज्जो दी जाती है। लेकिन उदयपुर में चल रहे कांग्रेस के चिंतन शिविर में इस बार लगाए गए पोस्टर्स कुछ खास हैं।कांग्रेस के कार्यक्रमों में पोस्टर में गांधी परिवार या मुख्यमंत्री-प्रदेशाध्यक्ष के ही चेहरे नजर आते हैं। जिसे लेकर कांग्रेस पर कई बार परिवारवाद के आरोप भी लग चुके हैं।

भाजपा ने कई बार आरोप लगाए हैं कि कांग्रेस पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी, सोनिया गांधी को याद करती है, लेकिन पीवी नरसिम्हा राव, सुभाष चंद्र बोस, लाला लाजपत राय जैसे नेताओं और स्वतंत्रता सेनानियों को योगदान भूल गई है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि




कांग्रेस ने इन पोस्टर के जरिए परिवारवाद के आरोपों का मौन जवाब देने की कोशिश की है। उदयपुर एयरपोर्ट से से लेकर शहर में कई जगह ऐसे पोस्टर लगाए गए हैं।

### पोस्टर में किसके साथ कौन

1 मनमोहन सिंह के साथ पीवी नरसिम्हा राव
2 मौलाना अबुल कलाम आजाद के साथ बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर
3 डॉ. राजेंद्र प्रसाद के साथ लाल बहादुर शास्त्री
4 गोपाल कृष्ण गोखले के साथ भगत सिंह
5 पंडित जवाहर लाल नेहरू के साथ सरदार वल्लभ भाई पटेल
6 लाला लाजपत राय के साथ महात्मा गांधी
7 रवींद्र नाथ टैगोर के साथ सुभाष चंत्र बोस
8 सरोजनी नायडू भी हैं पोस्टर में मौजूद।

# बेणेश्वर में राहुल गांधी की सभा को लेकर पूर्व सांसद भगोरा ने सरपंच संघ की ली बैठक

## बेणेश्वर सभा मे अधिक से अधिक कार्यकर्ताओ को पहुंचने का किया आह्वान

**डूंगरपुर।** हरियाणा राज्य पीआरओ व डूंगरपुर-बांसवाड़ा संसदीय क्षेत्र पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा 16 मई को बेणेश्वर धाम पर कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष व युवा दिलो की धड़कन देश के नेता राहुल गांधी की सभा को लेकर जिले भर के दौरे पर रहे भगोरा सीमलवाड़ा, सागवाड़ा, आसपुर, डूंगरपुर में विभिन्न स्थानों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओ से रूबरू होते हुए बेणेश्वर में अधिक से अधिक संख्या में आमजन को पहुंचने का आह्वान किया। पूर्व सांसद भगोरा ने शनिवार को मुरला गणेश मंदिर परिसर में जिला सरपनच संघ की बैठक ली जिसमे उन्होंने बताया कि कांग्रेस के नव संकल्प चिंतन शिविर के बाद 16 मई को कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रसिद्ध बेणेश्वर धाम पहुंचेंगे जहां 132 करोड़ की लागत से बने रहे हाई लेवल ब्रिज की आधारशिला रखेंगे जो वागड़ के लिए ऐतिहासिक सौगात है। भगोरा ने आह्वान किया कि इस ऐतेहासिक कार्यक्रम में बड़ी से बड़ी



संख्या में कांग्रेसजन अपने साथियों सहित उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। बैठक में पंचायत समिति बिछीवाड़ा प्रधान देवराम रोत, पूर्व प्रधान लक्ष्मण कोटेड, जिला सरपँच संघ अध्यक्ष लीलाराम वरहात, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिलाष बागड़िया,सागवाड़ा सरपँच संघ अध्यक्ष कैलाश रोत सहित जिले के सरपंच मौजूद थे।

# प्रदेश में ऐसा 'इन्वेस्टमेंट फ्रेंडली' माहौल बनाया जाए कि हर उद्यमी राजस्थान में निवेश के लिए उत्सुकता दिखाए :उषा शर्मा

**जयपुर।** मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा कि आगामी 7-8 अक्टूबर को होने वाले 'इन्वेस्ट राजस्थान समिट-2022' के लिए प्रदेश स्तर पर इस तरह का इन्वेस्टमेंट फ्रेंडली माहौल बनाया जाए कि देश का हर उद्यमी राजस्थान में निवेश करने के लिए उत्सुक रहे। शर्मा शनिवार को शासन सचिवालय में समिट के लिए की जा रही तैयारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा कर रही थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की समृद्धि के लिए अधिक से अधिक निवेश होना जरूरी है। उन्होंने सभी जिला



कलेक्टरों से स्थानीय क्षेत्रों पर हुए एमओयू और एलओआई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा एमओयू धरातल पर उतरे जिला स्तर पर इसके लिए अधिक से अधिक प्रयास होने चाहिए। मुख्य सचिव ने कहा कि 'इन्वेस्ट राजस्थान' की थीम 'कमिटेड, डिलिवर्ड' रखी गई है। हम ना केवल उद्यमियों के साथ बेहतर उद्योगों के लिए वादा करेंगे बल्कि उन्हें धरातल पर भी उतारेंगे। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर उद्योगों की स्थापना के लिए बेहतर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने जिला कलेक्टरों को स्थानीय उद्यमियों से मिलकर आने वाली सभी समस्याओं के निस्तारण के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान खान, राजस्व, विद्युत, नगरीय एवं स्वायत्त शासन, कृषि, पर्यटन, स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव व सचिवों से भी बात कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में सभी संभागीय आयुक्त जिला कलेक्टर व संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे। बैठक में औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना से संबंधित वर्ष 2019-20 से 2022-23 तक की बजट घोषणाओं के संदर्भ में भूमि आवंटन के लंबित प्रकरणों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव उद्योग वीनू गुप्ता ने सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश देते हुए कहा कि वे स्थानीय इन्वेस्टर्स को वीसी के माध्यम से या व्यक्तिगत बुलाकर चर्चा करें।

# प्रदेश के हर व्यक्ति को इलाज, जांच और दवा नि :शुल्क उपलब्ध :प्रसादी लाल मीणा

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री प्रसादी लाल मीणा ने शनिवार को सातवीं भगवान महावीर कॉन्फ्रेंस (बीएमकॉन-7) में चर्चा के लिए शामिल हुए देश-विदेश के 250 से ज्यादा प्रख्यात कैंसर चिकित्सकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें गर्व है कि हमारा प्रदेश पूरे देश में ऐसा एकमात्र राज्य है जहां हर व्यक्ति को इलाज, जांच और दवा पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध है। कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए चिकित्सा मंत्री ने कहा कि कैंसर की बीमारी ऐसी बीमारी है जिसका प्राथमिक स्तर पर आम आदमी को पता नहीं चलता और जब पता चलता है तो वह तीसरी स्टेज में पहुंच चुका होता है और उसका इलाज बहुत मंहगा होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हर जिले के लिए कैंसर वैन चलाने की घोषणा इस बजट में की है। यह वैन दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों की जांच करेगी। इसके माध्यम से प्राथमिक स्तर पर ही कैंसर की पहचान कर रोगियों को समयबद्ध एवं सुचारू इलाज दिलवाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत सपना है कि प्रदेश का कोई भी व्यक्ति इलाज से वंचित नहीं रहे और प्रदेश का हर व्यक्ति स्वस्थ रहे। इसके लिए चिरंजीवी और मुख्यमंत्री निःशुल्क निरोगी राजस्थान योजना शुरू की गई है। चिरंजीवी योजना से लगभग 13 लाख से ज्यादा लोग अब तक लाभान्वित हो चुके है और उनके इलाज पर लगभग 1400 करोड़ रूपये से ज्यादा की राशि खर्च की जा चुकी है।